# CBSE Class 12 Economics Important Questions Chapter 1 व्यष्टि अर्थशास्त्र का परिचय

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
बाजार अर्थव्यवस्था का एक उदाहरण बताइए।
उत्तर:
संयुक्त राज्य अमेरिका की अर्थव्यवस्था बाजार अर्थव्यवस्था है।

प्रश्न 2.
केन्द्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था का अर्थ लिखिए।
उत्तर:
यह वह अर्थव्यवस्था है जिसमें सभी क्रियाकलाप सरकार द्वारा किए जाते हैं।

प्रश्न 3.
समष्टि अर्थशास्त्र में निर्णय कर्ता कौन होते
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र में निर्णय कर्ता बाजार, सामान्य कीमत संयंत्र, राष्ट्रीय आय, कुल रोजगार, कुल निवेश, कुल बचत आदि होते हैं।

प्रश्न 4.
चयन की समस्या का उदय क्यों होता है?
उत्तर:
आवश्यकताएँ असीमित तथा उन्हें पूरा करने वाले संसाधनों के सीमित होने के कारण चयन की समस्या उत्पन्न होती है।

प्रश्न 5.
अर्थशास्त्र की उस शाखा को क्या कहते हैं जिसमें अर्थव्यवस्था के बड़े समूहों का अध्ययन किया जाता है?
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र।

प्रश्न 6.
केन्द्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था में सभी महत्त्वपूर्ण क्रियाकलापों की योजना किसके द्वारा बनाई जाती है?
उत्तर:
सरकार अथवा केन्द्रीय सत्ता द्वारा।

प्रश्न 7.
अर्थशास्त्र की वह कौनसी शाखा है जिसमें उपभोक्ता के व्यवहार का अध्ययन किया जाता है?
उत्तर:
व्यष्टि अर्थशास्त्र।

प्रश्न 8.
अर्थशास्त्र की दोनों शाखाओं के नाम लिखिए।
उत्तर:

- व्यष्टि अर्थशास्त्र
- समष्टि अर्थशास्त्र।

प्रश्न 9.
राष्ट्रीय आय का अध्ययन अर्थशास्त्र की किस शाखा में किया जाता है?
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र।

प्रश्न 10.
भारत जैसे अधिक जनसंख्या वाले विकासशील देश हेतु उत्पादन की कौनसी तकनीक उपयुक्त है।
उत्तर:
उत्पादन की श्रम गहन तकनीक।

प्रश्न 11.
वस्तु के कीमत निर्धारण सम्बन्धी सिद्धान्तों का अध्ययन अर्थशास्त्र की किस शाखा में किया जाता है?
उत्तर:
व्यष्टि अर्थशास्त्र में।

प्रश्न 12.
आर्थिक समस्याओं अथवा केन्द्रीय समस्याओं के उत्पन्न होने के कोई दो कारण बताइए।
उत्तर:

- असीमित आवश्यकताएँ
- सीमित संसाधन।

प्रश्न 13.
अर्थव्यवस्था की कोई एक केन्द्रीय समस्या बताइए।
उत्तर:
किन वस्तुओं का उत्पादन किया जाए और कितनी मात्रा में?

प्रश्न 14.
एक संसाधन सीमित कब कहा जाता है?
उत्तर:
जब संसाधन की माँग उसकी पूर्ति से अधिक होती है।

प्रश्न 15.
चयन की समस्या क्या है?
उत्तर:
उत्पादन तथा उपभोग की अनेक संभावनाओं में से किसी एक का चयन करना चयन की समस्या कहलाती है।

प्रश्न 16.
बाजार अर्थव्यवस्था का क्या तात्पर्य है?
उत्तर:
वह अर्थव्यवस्था जिसमें लगभग सभी आर्थिक क्रियाकलाप बाजार द्वारा निर्धारित होते हैं।

प्रश्न 17.
एक बाजार अर्थव्यवस्था में केन्द्रीय समस्याओं का समाधान किस प्रकार किया जाता है?
उत्तर:
बाजार अर्थव्यवस्था में केन्द्रीय समस्याओं का समाधान कीमत प्रणाली द्वारा किया जाता है।

प्रश्न 18.
कुल उत्पादन का अध्ययन अर्थशास्त्र की किस शाखा में किया जाता है?
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र में।

प्रश्न 19.
सामान्य कीमत स्तर का अध्ययन अर्थशास्त्र की किस शाखा में किया जाता है?
उत्तर;
समष्टि अर्थशास्त्र में।

प्रश्न 20.
समग्र माँग तथा समग्र पूर्ति का अध्ययन अर्थशास्त्र की किस शाखा में किया जाता है?
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र में।

लघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
व्यष्टि एवं समष्टि अर्थशास्त्र में कोई दो अन्तर बताइए।
उत्तर:

1. व्यष्टि में एक इकाई का जबकि समष्टि में समूहों का अध्ययन किया जाता है।
2. व्यष्टि अर्थशास्त्र का सम्बन्ध कीमत विश्लेषण से जबकि समष्टि का सम्बन्ध आय विश्लेषण से है।

प्रश्न 2.
अर्थव्यवस्था की तीन केन्द्रीय समस्याएँ लिखिए।
उत्तर:

1. किन वस्तुओं का उत्पादन किया जाए और कितनी मात्रा में?
2. वस्तुओं का उत्पादन कैसे किया जाए?
3. इन वस्तुओं का उत्पादन किसके लिए किया जाए?

प्रश्न 3.
सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण तथा आदर्शक आर्थिक विश्लेषण के मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण में हम अध्ययन करते हैं कि विभिन्न क्रियाविधियाँ कैसे कार्य करती हैं जबकि आदर्शक आर्थिक विश्लेषण में हम अध्ययन करते हैं कि क्रियाविधियाँ अर्थव्यवस्था के अनुकूल भी हैं या नहीं।

प्रश्न 4.
केन्द्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था में उत्पादन, विनिमय तथा उपभोग सम्बन्धी
निर्णय किसके द्वारा लिए जाते हैं?
उत्तर:
केन्द्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था में उत्पादन, विनिमय तथा उपभोग सम्बन्धी निर्णय केन्द्रीय सत्ता अथवा सरकार द्वारा लिए जाते हैं।


प्रश्न 5.
बाजार अर्थव्यवस्था में उत्पादन, विनिमय तथा उपभोग सम्बन्धी निर्णय किस प्रकार होता है?
उत्तर:
बाजार अर्थव्यवस्था में उत्पादन, विनिमय तथा उपभोग सम्बन्धी निर्णय बाजार शक्तियों अर्थात् माँग एवं पूर्ति की शक्तियों द्वारा होता है।

प्रश्न 6.
व्यष्टि अर्थशास्त्र एवं समष्टि अर्थशास्त्र को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।
उत्तर:
व्यष्टि अर्थशास्त्र: यह वह शाखा है, जिसमें वैयक्तिक या विशिष्ट इकाइयों का अध्ययन किया जाता है। जैसे - कीमत विश्लेषण। समष्टि अर्थशास्त्र-इसका तात्पर्य अर्थव्यवस्था के समग्र अथवा बड़े समूह के अध्ययन करने से होता है। जैसे - राष्ट्रीय आय विश्लेषण।

प्रश्न 7.
वस्तु विशेष का क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
वस्तु विशेष से अभिप्राय भौतिक मूर्त वस्तुओं से है जिनका उपयोग लोगों की इच्छाओं तथा आवश्यकताओं की सन्तुष्टि के लिए किया जाता है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 8.
उत्पादन संभावना वक्र का रेखाचित्र बनाइए।
उत्तर:




प्रश्न 9.
अर्थशास्त्र में व्यक्ति विशेष का क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
व्यक्ति विशेष से अभिप्राय अपना निर्णय लेने में सक्षम इकाई से है। यह कोई एक अकेला व्यक्ति अथवा परिवार, समूह, फर्म अथवा अन्य कोई संगठन हो सकता है।

प्रश्न 10.
संसाधनों से आपका क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
संसाधनों से हमारा अभिप्राय उन वस्तुओं तथा सेवाओं से है, जिनका उपयोग अन्य वस्तुओं तथा सेवाओं का उत्पादन करने में होता है। जैसे - श्रम, भूमि, पूँजी, औजार एवं मशीनें आदि।

प्रश्न 11.
एक बुनकर के पास कपड़ा बुनने हेतु क्या-क्या संसाधन होते हैं?
उत्तर:
एक बुनकर के पास संसाधन के रूप में धागा, कपास, कपड़ा बुनने के काम आने वाले उपकरण तथा स्वयं का श्रम होता है।

प्रश्न 12.
समाज में संसाधनों का किसी भी रूप में विनिधान करने का क्या परिणाम होता है?
उत्तर:
समाज में संसाधनों का किसी भी रूप में विनिधान करने के फलस्वरूप विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं के विशिष्ट संयोजन का उत्पादन होता है।

प्रश्न 13.
अर्थव्यवस्था में चयन की समस्या कब उत्पन्न होती है?
उत्तर:
अर्थव्यवस्था में उत्पादन, विनिमय तथा उपभोग के दौरान आवश्यकताएँ असीमित होने तथा उन्हें पूरा करने वाले संसाधनों की कमी के कारण चयन की समस्या उत्पन्न होती है।

प्रश्न 14.
अर्थशास्त्र क्या है?
उत्तर:
अर्थशास्त्र वह विज्ञान है जो विभिन्न प्रयोगों वाले सीमित संसाधनों तथा असीमित आवश्यकताओं से सम्बन्ध रखने वाले मानवीय व्यवहार का अध्ययन करता है।

प्रश्न 15.
"क्या उत्पादन किया जाए?" इस समस्या का क्या अर्थ है?
अथवा
किन वस्तुओं का उत्पादन किया जाए और कितनी मात्रा में? की क्या समस्या है?
उत्तर:
इस समस्या से अभिप्राय यह निर्णय करना है कि अर्थव्यवस्था में सीमित संसाधनों से किन वस्तुओं का तथा कितनी मात्रा में उत्पादन किया जाए?

प्रश्न 16.
"उत्पादन कैसे करें?" इस समस्या का क्या अर्थ है?
अथवा
वस्तुओं का उत्पादन कैसे करते हैं? की क्या समस्या है?
उत्तर:
इसमें उत्पादन तकनीक के सम्बन्ध में निर्णय किया जाता है। इसमें यह निर्णय करना होता है कि वस्तुओं का उत्पादन श्रम की सहायता से किया जाए अथवा मशीनों की सहायता से।

प्रश्न 17.
वस्तुओं का उत्पादन किसके लिए किया जाए? की क्या समस्या है?
उत्तर:
यह वितरण सम्बन्धी समस्या है, इस समस्या में यह निर्णय किया जाता है कि अर्थव्यवस्था में उत्पादित उत्पादन का वितरण विभिन्न लोगों में कैसे किया जाए?

प्रश्न 18.
संसाधनों के विनिधान से आपका क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
संसाधनों के विनिधान से हमारा अभिप्राय यह है कि किस संसाधन की कितनी मात्रा का उपयोग मात्र प्रत्येक वस्तु तथा सेवा के उत्पादन के लिए ही किया जाता है।

प्रश्न 19.
अवसर लागत को परिभाषित कीजिये।
अथवा
अवसर लागत का क्या अर्थ है?
उत्तर:
एक वस्तु की अतिरिक्त मात्रा प्राप्त करने हेतु अन्य वस्तु की जितनी मात्रा का त्याग करना पड़ता है, इसे पहली वस्तु की अवसर लागत कहते हैं।

प्रश्न 20.
चुनाव की समस्या क्या है?
अथवा
आर्थिक समस्याओं का अर्थ क्या है?

https://www.evidyarthi.in/

उत्तर:
कोई उपभोक्ता या उत्पादक अपने सीमित संसाधनों से अपनी असीमित आवश्यकताएँ कैसे पूरी करे, यही चयन की समस्या अथवा आर्थिक समस्या है।

प्रश्न 21.
सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण से आप क्या समझते हैं?
अथवा
वास्तविक अर्थशास्त्र से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
वास्तविक अर्थशास्त्र अथवा सकारात्मक विश्लेषण में हम यह अध्ययन करते हैं कि विभिन्न क्रियाविधियाँ किस प्रकार कार्य करती हैं।

प्रश्न 22.
उत्पादन संभावना वक्र क्या है?
उत्तर:
उत्पादन संभावना वक्र वह वक्र है जो दिए हुए साधनों के अन्तर्गत दो वस्तुओं की अधिकतम उत्पादन मात्राओं की संभावनाओं को व्यक्त करता है।